Serial No. 10168 Circle:-:Danapur Book No. :- 1 Deed No. 9992

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

एक हजार रुपये ONE THOUSAND RUPEES

रु.1000 Rs.1000

बिहार BIHAR

Serial No. 10168 Deed No. 9992

Govt. of Bihar
Sub Registry Office ,Danapur
Summary of Endorsement

This document was presented for registration on **23/08/2016** by **Amit Kumar**
A Stamp Duty of Rs. **488120**/- and other Fees of Rs. **20750**/- has been paid in it.
The document was found admissible. The Names, Photographs, Fingerprints and Signatures of the Executants and their Identifier, who have admitted execution before me, are affixed on the reverse page.
The document has been registered as Deed No. **9992** in Book No. **1**, Volume No. **216** on pages from **487** to **516** and has been preserved in total **30** pages in C.D. No. **34** / Year **2016**

23/8/2016

Signature with Date
(**Dhananjay kumar Rao**)
Registering Officer, **Danapur**

Date: 23/08/2016 Token No: 10642 /2016

A DREAM PROJECT OF TRIMURTI

भूखण्ड विकास कार्य एकरारनामा

DEVELOPMENT AGREEEMNT

यह विकास एकरारनामा आज दिनांक 23 अगस्त सन् 2016 ई0 को निम्नलिखित पक्षकारों के बीच निष्पादित किया जाता है:-

Amit Khuhara 23/08/2016

M. D.
TRIMURTI K.B.RAJ. HOUSING CONSTRUCTION (P) LTD.
GAYTAM, AKHARA ROAD, DANAPUR (PATNA)

8/23/2016

रूपये मात्र---------- शब्दों में (रू0----------) मात्र

दूसरी प्रति

(जमाकर्ता हेतु)

(4)

बिहार सरकार

निबंधन विभाग

गैर मानक

दस्तावेजों के निबंधन के लिए जमा किये जाने वाले स्टाम्प शुल्क/निबंधन शुल्क एवं भूस्वामी के निबंध शुल्क के भुगतान के लिए बैंक चालान

1. पक्षकार का नाम /पता---त्रिमूर्ति के बी राज हाउसिंग कन्स्ट्रक्शन प्रा0 लि0 गावतल अखाड़ा रोड पाना दानापुर जिला पटना

(जिसकी ओर से जमा किया जा रहा है)

2. दस्तावेज का प्रकार---बिक्रय पत्र, एग्रीमेन्ट, दानपत्र, पावितानामा, विकासमुक्तनामा, लीज, पदलेख

3. निबंधन कार्यालय---अवर निबंधन कार्यालय दानापुर

4. बैंक का नाम एवं शाखा---भारतीय स्टेट बैंक, दानापुर

5. भुगतान की जानेवाली राशी का विवरण :

भुगतान का मद एवं शीर्ष	रकम	कुल रकम
स्टाम्प शुल्क-मुख्य शीर्ष -0030-स्टाम्प एवं पंजीकरण-उप-मुख्य शीर्ष 02-स्टाम्प गैर न्यायिक लघु शीर्ष -103- दस्तावेजों पर स्टाम्प शुल्क अन्यत्र उप शीर्ष 0001 सकल प्राप्तियाँ प्राथमिक इकाई -75 49 सकल प्राप्तियाँ विपत्र कोड -R0030021030001, A/c No.-10963226587	487120	487120
निबंधन शुल्क-मुख्य शीर्ष -0030-स्टाम्प एवं पंजीकरण शुल्क उप मुख्य शीर्ष -03 पंजीकरण शुल्क, लघु शीर्ष -104- दस्तावेजों का पंजीकरण शुल्क-उप शीर्ष -0001, प्राथमिक इकाई 75 49 सकल प्राप्तियाँ विपत्र कोड - R0030031040001, A/c No.-10963226576	20000	20000
भूस्वामी शुल्क-मुख्य शीर्ष -0029- भू राजस्व लघु शीर्ष -800- अन्य प्राप्तियाँ-उप शीर्ष -0008- अन्य मदें - प्राथमिक इकाई -75 49 भूमि निर्यपन शुल्क से अप विपत्र कोड- R0029008000006, A/c No.-10963226598		

भुगतान का माध्यम : नगद/ चेक/ ड्राफ्ट कुल योग 507120

कुल राशि शब्दों में---पांच लाख सात हजार एक सौ बीस रूपया

स्थान---दानापुर

तारीख---16/8/16

* चेक/ड्राफ्ट का विवरण पीठ पर अंकित कर दें।

* चेक/ड्राफ्ट की राशि अन्तरित होने के पश्चात ही मान्य होगी

जमाकर्ता का नाम एवं हस्ताक्षर

FOR USE OF THE BANK

स्क्रॉल नं0 ----------तारीख ----------उपर्युक्त कालम संख्या 05 में दिये गए विवरण के अनुसार रू0 ----------/ शब्दों में---------- रूपये प्राप्त किया

9 AUG 2016

प्राधिकृत पदाधिकारी का हस्ताक्षर एवं मुहर

निबंधन हेतु सर्विस चार्ज * जमा करने का विवरण

एस्को लेखा सं0 : A/c No. 30978446198

जमा करने की तिथि :

बैंक स्क्रॉल सं0: ---------- बैंक की प्राप्ति एवं मुहर

* (दस्तावेज के पृष्ठ की संख्या +2)X रू0 25/- 750

507120

M. D.
TRIMURTI K.B.RAJ. HOUSING CONSTRUCTION (P) LTD.
GAVTAL, AKHARA ROAD, DANAPUR (PATNA)

1. **प्रथम पक्ष (भू-स्वामीगण) लेख्यकारीगण :-**

नाम एवं पता:-

श्री अमीत कुमार पिता श्री शैलेन्द्र कुमार उर्फ शैलेन्द्र कुमार सिंह मो० नं०-9771446689

रकवा- दो कट्ठा छः धुर वसीका नं0-2369 जमाबंदी नं0- 13910/1

रकावा- दो कट्ठा पाँच धुर वसीका नं0-6082 जमाबंदी नं0- 17687

कुल - चार कट्ठा ग्यारह धुर

एवं

श्री सुमीत कुमार उर्फ सुमीत कुमार सिंह, पिता श्री शैलेन्द्र कुमार उर्फ शैलेन्द्र कुमार सिंह

रकवा- दो कट्ठा पाँच धुर पाँच धुरी वसीका नं0-2368, जमाबंदी नं0-13909/1

रकवा-दो कट्ठा छः धुर वसीका नं0- 6089, जमाबंदी नं0-17688

कुल -चार कट्ठा ग्यारह धुर पाँच धुरकी

लेख्यकारी नं०-1 एवं लेख्यकारी नं०-2 रिश्ते में दोनों सहोदर भाई हैं,

दोनों भाईयों का कुल जमीन का रकवा नौ कट्ठा दो धुर पाँच धुरकी (चारों वसीका) दोनों का पता- मानपुर, पोस्ट-सोनपुर, जिला-सारण भारतीय नागरिक ।

M. D.
TRIMURTI K.B.RAJ. HOUSING CONSTRUCTION (P) LTD.
GAYTAL, AKHARA ROAD, DANAPUR (PATNA)

2. **द्वितीय पक्ष (भूमि-विकासकर्त्ता) लेख्यधारी :-**

नाम वो पता:-

त्रिमूर्त्ति के बी० राज हाउसिंग कन्सट्रक्शन प्रा० लि० लाइसेंस नं०-U45200BR2013 PTC020262, सन 2013-14 पैन नं0-AAECT6742R मो0-9308567719, अधिनियम 1956 के अनुसार एक निर्बंधित कम्पनी है, कार्यालय गाभतल अखाडा रोड पोस्ट दीघा थाना-दानापुर, जिला-पटना मैनेजिंग डायरेक्टर सह प्रतिनिधि श्री राज नाथ पिता स्व0 बैधनाथ प्रसाद निवास स्थान-गाभतल अखाड़ा रोड, पोस्ट-दीघा, थाना-दानापुर, जिला-पटना भारतीय नागरिक। जिन्हें इसके पश्चात विकासकर्ता **(द्वितीय पक्ष-DEVELOPER)** शब्द से सम्बोधित किया गया है और इस शब्द से उनके उत्तराधिकारी, वैधानिक उत्तराधिकारी, प्राधिकृत प्रतिनिधि प्रशासकीय प्रतिनिधि, निष्पादक, प्रबन्धक एवं समुदेशक भी आवश्यकतानुसार इस विलेख मे सम्मिलित समझे जायेगें और इस विलेख के द्वितीय पक्ष के बीच सम्पादित हुआ है।

3. **लेख्य प्रकार :-**

विकास अनुबंध (डेभलपमेन्ट एग्रीमेन्ट)

(DEVELOPMENT AGREEMENT)

M. D.
TRIMURTI K.B.RAJ. HOUSING CONSTRUCTION (P) LTD.
GAVTAL, AKHARA ROAD, DANAPUR (PATNA)

4. **मूल्यांकन :-**

सम्पति आवासीय है तथा सर्वे रोड पर स्थित है जो बाजार समिति के दक्षिण स्थित है जिसके कारण उक्त सम्पति का मूल्यांकन मो0 2,42,06,000/- **(दो करोड़ बयालीस लाख छः हजार)** रूपया मात्र है एव बॉउण्ड्रीवाल का कीमत मो0 2,00,000/- (दो लाख रूपया) कुल मुल्य मो0 2,44,06,000/- **(दो करोड़ चौआलीस लाख छः हजार)** रूपया पर स्टाम्प एवं निबंधन शुल्क भुगतान किया गया है।

5. **भूखण्ड का विवरण :-**

आवासीय परती भूमि जिसका रकवा दोनों भाईयों का चारों वशिका को मिलकर आवासीय परती भूमि जिसका रकवा नौ कट्ठा दो धुर पांच धुरकी मौजा दानापुर शहजादपुर परगना फुलवारी थाना दानापुर, रजिस्ट्री ऑफीस पटना जिसका थाना नं0 21 तौजी बिहार सरकार खाता नं0 258 (दो सौ अन्ठावन), सर्वे प्लौट नं0-901 (नौ सौ एक) का अंश भाग जो बजार समिति के दक्षिण अवस्थिति है जिसका सलाना लगान 1/- एक रूपया अलावे शेष बजमिन्दारी बिहार सरकार वजरिये अचंलाधिकारी दानापुर, पटना।

चारों वशिका का कुल रकवा नौ कटठा दो धुर पांच धुरकी का मिलाकर-

अवर निबंधन कार्यालय

M. D.
TRIMURTI K.B.RAJ. HOUSING CONSTRUCTION (P) LTD.
GAYTAL, AKHARA ROAD, DANAPUR (PATNA)

चौहद्दी-

[illegible] - पार्ट प्लौट खेसरा नं0 901 (श्री महेन्द्र राय)

दक्षिण- कुर्मी पंचायत का जमीन ।

पूरब - सर्वे रास्ता ।

पश्चिम- विरेन्द्र सिंह वो गोरख सिंह पिता स्व0 गुरूदेव सिंह ।

Amit Kumar 23/08/2016

23/8/2016

संदर्भ

यह की जमीन मालिक संख्या 1 श्री अमीत कुमार ने सर्वे खेसरा संख्या 901 में मवाजी 2 कट्ठा 6 धुर जमीन की खरीदारी अपने खास अर्जित आय से बजरिये वशिका केवाला वय ला कलामी मरकुमा तारीख 09.02.2008 ई0 को नविस्ते श्री धर्मेन्द्र प्रसाद पिता का नाम स्वर्गीय भागीरथ प्रसाद, निवास स्थान मकान संख्या -16, न्यू रानी कुदर, पत्रालय- कदमा जिला- जमशेदपुर (झारखण्ड) से किया था। जिसे अवर निबंधन कार्यालय पटना के दस्तावेज संख्या 2369 के रूप में पुस्तक संख्या 1 की जिल्द संख्या 42 के पृष्ट संख्या 20 से 29 तक सीडी 07 सन 2008 ई0 में निबंधित किया गया । जमाबंदी नं0-13910/1 सन् 2016-17 ई0

23/8/16

और यह की जमीन मालिक संख्या 1 श्री अमीत कुमार ने पुनः सर्वे खेसरा संख्या 901 में मवाजी 2 कट्ठा 5 धुर जमीन की खरीदारी अपने खास अर्जित आय से बजरिये वशिका केवाला वय ला

M. D.
TRIMURTI K.B.RAJ. HOUSING CONSTRUCTION (P) LTD.
GAYTAL, AKHARA ROAD, DANAPUR (PATNA)

M. D.
TRIMURTI K.B.RAJ. HOUSING CONSTRUCTION (P) LTD.
GAVTAL, AKHARA ROAD, DANAPUR (PATNA)

[illegible] 05.03.2011 ई0 को नविस्ते [illegible] पिता का नाम श्री सच्चिदानन्द [illegible] निवास स्थान लालपुर, थाना एवं पत्रालय-एकमा, जिला-सारण से किया था। जिसे अवर निबंधन कार्यालय पटना के दस्तावेज संख्या 6082 के रूप में पुस्तक संख्या 1 की जिल्द संख्या 105 के पृष्ट संख्या 35 से 43 तक सीडी 17 सन 2011 ई0 में निबंधित किया गया । जमाबंदी नं0-17687 सन् 2016-17 ई0

Amit Kumar 23/08/2016

23/8/2016

और यह की जमीन मालिक संख्या 2 श्री सुमीत कुमार ने सर्वे खेसरा संख्या 901 में मवाजी 2 कट्ठा 5 धुर 5 धुरकी जमीन की खरीदारी अपने खास अर्जित आय से बजरिये वशिका केवाला वय ला कलामी मरकुमा तारीख 09.02.2008 ई0 को नविस्ते श्री धर्मेन्द्र प्रसाद पिता का नाम स्वर्गीय भागीरथ प्रसाद, निवास स्थान मकान संख्या -16, न्यू• रानी कुदर, पत्रालय- कदमा जिला- जमशेदपुर (झारखण्ड) से किया था। जिसे अवर जिला अवर निबंधन कार्यालय पटना के दस्तावेज संख्या 2368 के रूप में पुस्तक संख्या 1 की जिल्द संख्या 42 के पृष्ट संख्या 10 से 19 तक सीडी 07 सन 2008 ई0 में निबंधित किया गया । जमाबंदी नं0-13909/1 सन् 2016-17 ई0

23/8/2016

और यह की जमीन मालिक संख्या 2 श्री सुमीत कुमार ने पुनः सर्वे खेसरा संख्या 901 में मवाजी 2

अवर निबंधन कार्यालय

M. D.
TRIMURTI K.B.RAJ. HOUSING CONSTRUCTION (P) LTD.
GAVTAL, AKHARA ROAD, DANAPUR (PATNA)

[illegible] से खुर जमीन की खरीदारी अपने खास अर्जित [illegible] से बबरियें वशिका केवाला वय ला कलामी [illegible] तारीख 05.03.2011 ई0 को नविस्ते श्री शशि कुमार मिश्रा पिता का नाम श्री सच्चिदानन्द मिश्रा, निवास स्थान-लालपुर, थाना एवं पत्रालय - एकमा, जिला-सारण से क्रिया था। जिसे अवर निबंधन कार्यालय पटना के दस्तावेज संख्या 6089 के रूप में पुस्तक संख्या 1 की जिल्द संख्या 105 के पृष्ट संख्या 96 से 104 तक सीडी 17 सन 2011 ई0 में निबंधित किया गया । जमाबंदी नं0-17688 सन् 2016-17 ई0 है।

Amit Kumar 23/08/16

23/8/2016

यह कि उपर्युक्त जमीन मालिक प्रथम पक्ष एवं विकासक द्वितीय पक्ष की सहमति से यह निर्णय लिया गया कि वर्णित जमीन पर एक बहुमंजिला अवासीय इमारत का निर्माण निम्नलिखित शर्तो। एवं बंधजो पर किया जाय।

23/08/16

1. यह कि प्रथम पक्ष एवं द्वितीय पक्ष आपस में तय किया है कि वर्णित जमीन पर सुन्दर बहुमंजिला

M. D.
TRIMURTI K.B.RAJ. HOUSING CONSTRUCTION (P) LTD.
GAYTAL, AKHARA ROAD, DANAPUR (PATNA)

इमारत बनाऐंगे जिसका नाम शारदा हाइटस रेसिडेन्सी होगा।

Amit Kumar 23/08/16

2. यह कि द्वितीय पक्ष ने यह निर्णय किया है कि प्रथम पक्ष के सहमति से वर्णित जमीन पर नगर परिषद् निजामत नगरपालिका दानापुर से प्रस्तावित भवन का नक्शा एवं प्लान स्वीकृत कराकर उसके अनुरूप बहुमंजिला इमारत बनाएगें ।

23/8/2016

3. यह कि प्रथम पक्ष जमीन मालिक और द्वितीय पक्ष विकासक के बीच इस सम्बन्ध में इस विलेख के निष्पादन के पहले से बातचीत चल रही थी और अँब विकासक ने अन्तिम रूप से यह निर्णय लिया है कि उक्त सम्पति को बहुमंजिला इमारत निर्माण के लिए ग्रहण करेगे और जमीन मालिक को आश्वासन दिया तथा आश्वस्त किया है कि उक्त सम्पति का उन्नयन करने में किसी भी तरह से जमीन मालिक को क्षति नहीं पहुँचायेंगे और अधिकतम F.A.R. निर्धारित करके तथा जमीन मालिक को किसी दूसरे व्यक्ति के

23/8/16.

M. D.
TRIMURTI K.B.RAJ. HOUSING CONSTRUCTION (P) LTD.
GAVTAL, AKHARA ROAD, DANAPUR (PATNA)

दावे से उन्मुक्त रखते हुए किसी प्रकार के क्षति से वंचित रखेंगे एवं इस एकरारनामा के निष्पादन के पश्चात प्रत्येक क्षति की क्षतिपूर्ति करेंगे।

4. यह कि प्रथम पक्ष एवं द्वितीय पक्ष सहमत हुए हैं कि वर्णित जमीन पर बहुमंजिला इमारत की संरचना करेंगे और उपरोक्त निर्माण के क्रम में जमीन मालिक प्रथम पक्ष का आरम्भ से अंत तक एक रूपया भी खर्च नहीं होगा।

5. यह कि विक्रासकर्ता वर्णित सम्पति पर बहुमंजिला इमारत बनाने के दौरान ऐसा कोई भी निर्माण कार्य नहीं करेंगे जो सरकारी नियमों का उलंघन करता हो।

6. यह कि जमीन मालिक एवं भवन निर्माता ने यह भी तय किया कि भवन के अन्तिम रूप से निर्माण के पश्चात सम्पूर्ण शिखर पर Terrace का व्यवहार जमीन मालिक के साथ साथ उक्त इमारत के धारक तथा इमारत के स्वामियों द्वारा बनाये गये सदस्य भी करेंगे।

7. यह कि जमीन मालिक एवं भवन निर्माता द्वारा यह भी तय किया गया है कि नगर परिषद् निजामत दानापुर द्वारा स्वीकृत प्रस्तावित निर्माणाधीन हिस्से में जमीन मालिक का 50% प्रतिशत (**पचास प्रतिशत**) एवं भवन निर्माता का 50% प्रतिशत (**पचास प्रतिशत**) हिस्सा होगा। परम निर्मित क्षेत्र, पार्किंग क्षेत्र फ्लैट एवं जमीन में भी औसतन हिस्सा दोनों पक्षों का होगा।

उप निबंधन कार्यालय

M. D.
TRIMURTI K.B.RAJ. HOUSING CONSTRUCTION (P) LTD.
GAYTAL, AKHARA ROAD, DANAPUR (PATNA)

[redacted] है कि भवन [redacted] सभी आधुनिक सुविधाओं के साथ [redacted] इमारत में प्रयुक्त सभी सामना बिना [redacted] और दीर्घ गुणवता वाले लगाये जायेंगे।

9. यह कि जमीन मालिक की सहमति से डेवलपर उक्त जमीन पर बनाए जाने वाली इमारत कम्पलेक्स का नक्शा, स्वरूप और Evlevation आकृति तैयार करने, जिसमें किये जाने कार्य का Specification तथा प्रयोग किये जाने वाले सभी सामानों, जो प्रथम कोटि का होने चाहिए, के लिए एक वास्तुकार Architect की नियुक्ति करेंगे। इस पर होने वाली सभी खर्च और Architect को दिये जाने वाला पारिश्रमिक (Fees) डेवेलपर द्वारा दिया जायगा और वहन किया जायगा। यह भी तय हुआ है कि डेवेलपर उक्त जमीन का उन्नयन कर अधिकतम कानूनी तौर पर अनुमान्य एफ0ए0आर0 सुनिश्चित करेंगे और तद्नुसार उन्नयन योजना बनायी जायगी और भवन स्वीकृति प्राधिकार अर्थात डी0 एम0 सी0 अथवा सम्बन्धित कार्यालय को भेजी जायेगी।

10. यह कि इस विकास अनुबंध के निष्पादन होने के बाद विकासकर्ता भू स्वामी के अनुमति से भूखण्ड के विकास और भवन निर्माण के लिए अविलम्ब ही नक्शा, योग्य एवं दक्ष आर्किटेक्ट द्वारा अपने खर्च पर तैयार करायेंगे। नक्शा इस प्रकार से बनाया जायेगा की पुरे भवन में अधिक से अधिक निवास योग्य तथा

Amit Kumar 23/08/2016

23/8/2016

अवर निबंधन कार्यालय

M. D.
TRIMURTI K.B.RAJ. HOUSING CONSTRUCTION (P) LTD.
GAYTAL, AKHARA ROAD, DANAPUR (PATNA)

[illegible] स्थान उपलब्ध हो सके पर पटना नगर [illegible] पटना क्षेत्रिय विकास प्राधिकार या अन्य [illegible] प्राधिकार द्वारा बनाये गये नियमों का उलंघन न [illegible] करने के पूर्व जहाँ जहाँ आवश्यक होगा [illegible] अपना हस्ताक्षर नक्शा पर करेंगे । बिना भूखंड स्वामी के हस्ताक्षर हुए नक्शा मान्य नहीं होगा। नक्शा दोनों पक्ष के सहमति के बाद सक्षम प्राधिकार नगर परिषद निजामत नगर पालिका दानापुर के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा और ऐसा न किए जाने की स्थिति में प्रथम पक्ष जमीन का कब्जा तुरंज वापस ले लेंगे तथा संविदा निरस्त कर देंगे।

11. यह कि इस मनोबंध के निष्पादन के बाद जमीन मालिक डेवलपर को उनके कर्मचारियों, अभिकर्ताओं, कारीगरों, अभियन्ताओं एवं मजदुरों को उक्त सम्पति में प्रवेश करने की की अनुमति देंगे, जिससे कि वे विभिन्न विकास कार्य नक्शा और योजना का निर्माण जैसे अनुमति कर सकें। वैसे विकास कार्य की सुविधाओं की अनुमति कर सकें। वैसे विकास कार्य की सुविधाओं की अनुमति डेवेलपर द्वारा डी0एम0सी0 और अन्य प्राधिकारों से भवन निर्माण योजना की स्वीकृति के बाद दी जायगी। निर्माण कार्य के दौरान कोई दुर्घटना होती है तथा निर्माण स्थल पर कोई गैर कानूनी कार्य या गैर कानूनी समान पकड़ा जाता है उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी डेवलपर की होगी।

M. D.
TRIMURTI K.B.RAJ. HOUSING CONSTRUCTION (P) LTD.
GAVTAL, AKHARA ROAD, DANAPUR (PATNA)

12. यह कि द्वितीय पक्ष निर्माण कार्य में आवश्यक जागृत पूँजी की व्यवस्था स्वयं करेंगे तथा किसी भी स्थिति में खाना संख्या -4 वर्तमान जमीन को बंधक रखकर किसी तृतीय पक्ष/ वित्तिय संस्थान/ व्यक्ति से ऋण नहीं लेंगे।

13. यह कि प्राकृतिक विपदा और डेवेलपर की शक्ति के नियंत्रण के बाहर के कारणों को छोड़कर जिससे उक्त सम्पति और निर्माण कार्य प्रभावित हो, भवन निर्माण की सीमा **तीन वर्ष** की होगी और उसके बाद कार्य पूर्ण करने का **छः माह** का कृपा काल का समय दिया जायेगा। उक्त निर्धारित अवधि एवं कृपा काल सहित की गिनती प्राधिकार द्वारा नक्शा पारित होने के तिथि से किया जायेगा।

14. यह कि जमीन मालिक सहमत है और वचनबद्ध है कि वे बिहार एपार्टमेन्ट स्वामित्व अधिनियम 2006 की धारा 5, उपधारा 1 एवं 2 तथा अन्य सभी प्रापवधानों एवं नियमों का पालन करेंगे और अधिनियम के अनुरूप विकासक एवं भू-स्वामी अपने अपने हिस्से के निरपेक्ष स्वामी होंगे तथा वे अपने अपने हिस्से को पृथक रूप से बेचने/ अन्तरण करने के हकदार होंगे और उसका नियमानुकूल सक्षम निबंधन कार्यालय में निबंधन करेंगे। विकासक अपने हिस्से के क्षेत्र को बंधक रखकर अपने क्रेता सदस्यों के लिये ऋण ले सकेंगे। विकासक द्वारा ली गयी ऋण राशि से कोई सरोकार जमीन मालिक को नही होगा।

M. D.
TRIMURTI K.B.RAJ. HOUSING CONSTRUCTION (P) LTD.
GAYTAL, AKHARA ROAD, DANAPUR (PATNA)

15. यह कि जमीन मालिक सहमत है और वचनबद्ध है कि वे ऐसा कोई कार्य नहीं करेंगे जिससे विकासक और उनके नामित व्यक्ति अथवा उत्तराधिकारी को कार्य करने में कोई बाधा या विरोध हो और उसके द्वारा विकासक को उक्त भूमि पर शांतिपूर्वक काम करने के लिये अधिकार प्राप्त हो। जो कार्य उन्नयन के लिए उसकी योजना बनाने के लिये तथा उक्त इमारत के निर्माण के आवश्यक है। विकासक एवं जमीन मालिक अपने अपने हिस्से के फ्लैटों के बिक्री, रजिस्ट्री इत्यादि अलग अलग स्वतंत्र रूप से करेंगे।

16. यह कि उक्त जमीन पर सम्पूण्र इमारत कम्पलेक्स तथा उन्नयन कार्य पूर्ण होने पर डेवेलपर बिक्री योग्य निर्मित इमारत के प्रमुख क्षेत्र का अनुपातिक आधार पर जमीन मालिक को का 50% प्रतिशत (**पचास प्रतिशत**) सुपुर्द कर देंगे एवं डेवेलपर या उनके नामित अनुपातिक रूप से 50% प्रतिशत (**पचास प्रतिशत**) हिस्सा के भागीदार होंगे, साथ ही साथ इस श्रेणी की तकनीकी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए निर्माण होगा।

17. यह कि यथा वर्णित जमीन मालिक के क्षेत्र पर जमीन मालिक को 50% प्रतिशत (**पचास प्रतिशत**) का अधिकार होगा। जिसका निर्धारण और स्पष्टीकरण भवन निर्माण हेतू प्राधिकार से नक्शा पारित होने के उपरान्त किया जायेगा तथा सम्मिलित क्षेत्र अर्थात सीढ़ी घर रास्ता, पम्प घर, जेनेरेटर घर, वाहन

M. D.
TRIMURTI K.B.RAJ. HOUSING CONSTRUCTION (P) LTD.
GAVTAL, AKHARA ROAD, DANAPUR (PATNA)

क्षेत्र, लिफ्ट स्थान, प्रहरी घर, सम्मिलित शौचालय एवं सम्मिलित (सामूहिक) उपयोग की अन्य चीजें जमीन मालिक और डेवेलपर दोनों के द्वारा सामूहिक रूप से उपयोग की जायेगी। जमीन मालिक और डेवलपर के साथ उनके उत्तराधिकारी एवं बिक्री किये गये खरीदार भी उनके साथ उपयोग करेंगें।

18. यह कि डेवलेपर को उक्त जमीन के उन्नयन का अधिकार होगा जिसका उन्नयन वे उसमें इमारत/ फ्लैट बनाकर, कार पार्किंग स्थान और अन्यान्य Tenements का निर्माण डी0एम0सी0 और अन्य सम्बन्धित प्राधिकार से स्वीकृत नक्शे की शर्तों और बंधजों, के अनुसार करेंगे।

19. इमारतों तथा परियोजना के लिए सर्वेयर, इंजीनियर, ठेकेदार, मजदूर और अन्य लोगों को नियुक्त करना।

20. पानी और बिजली और अन्य सुविधाओं के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को आवेदन करना तथा सिमेन्ट, लोहा और अन्य भवन निर्माण सामग्री के लिए सरकारी कोटा के परमिट के लिए आवेदन करना।

21. यह कि जमीन मालिक घोषणा करते हैं -

(क) कि जमीन मालिक को उक्त जमीन से सम्बन्धित इसके अधिग्रहण या अधियाचना के लिए कोइ नोटिस या अधिसूचना प्राप्त

M. D.
TRIMURTI K.B.RAJ HOUSING CONSTRUCTION (P) LTD.
GAYTAL, AKHARA ROAD, DANAPUR (PATNA)

इन्हें इसका उन्नयन करने [illegible] अधिकार है।

[illegible] जमीन से सम्बन्धित इसके किसी [illegible] कोई दावा, मांग निषेधाज्ञा या [illegible] किसी करारोपन अधिकारी, राजस्व अधिकारी या सरकार अथवा स्थानीय निकायों या अधिकारियों द्वारा नहीं है

(ग.) कि उक्त जमीन से सम्बन्धित कोई मनोबंध या व्यवस्था नहीं चल रहा है। साथ ही साथ जमीन मालिक यह भी एकरार करते हैं कि विकासक को उपरोक्त बहुमंजिला इमारत के निर्माण क्रम में किसी प्रकार का कोई बाधा उत्पन्न नहीं करेंगे एवं कार्य में रूकावट पैदा नहीं करेंगे।

(घ) कि जमीन मालिक के अलावा उक्त जमीन पर और किसी का कोई अधिकार, हिस्सा या हक नहीं है और जमीन मालिक किसी बेनामी जमीन मालिक के बेनामीदार नहीं हैं।

(ड.) कि जमीन मालिक ने घोषणा की है कि उक्त जमीन पर कोई दायित्व या अवभार नहीं है और अगर उस पर कोई झूठा दावा करता है तो जमीन मालिक ऐसे दावे को अपने खर्चे पर चुनौती देगें।

M. D.
TRIMURTI K.B.RAJ. HOUSING CONSTRUCTION (P) LTD.
GAVTAL, AKHARA ROAD, DANAPUR (PATNA)

[redacted] अधिकार से सम्बन्धित किसी भी न्यायालय में कोई मुकदमा नहीं चल रहा है और कोई भी शुल्क या कर इस विलेख के लिखे जाने तक बाकी नहीं है और अगर इसके पूर्व का कोई टैक्स या शुल्क बकाया हो जो जमीन मालिक उसका भूगतान करेंगें।

(छ) कि जमीन मालिक उक्त जमीन के हस्तांतरण, अंतरण के उद्येश्य से मनोबंध हो जाने के बाद प्रस्तावित इमारत में डेवेलपर का हित एवं हिस्सा सुरक्षित रहेगा तथा जमीन मालिक वचनबद्ध हैं कि वे उपरोक्त घोषणाओं के विरूद्ध कोई काम या कार्रवाई नहीं करेंगे।

(ज) कि जमीन मालिक को उन्नयनकृत सम्पति मे अपने हिस्से को बेचने पट्टा पर देने अथवा निपटाने का अधिकार होगा।

22. उचित अधिकार सहित इन प्रावधानों (Presents) के अन्तर्गत डेवेलपर निर्मित भवन में कम से कम भ-तल्ला के संरचना कार्य को पूर्णत: समाप्त करने के बाद तथा जमीन मालिक को इमारत में उनके हिस्सा की पूर्ण सुरक्षा की व्यवस्था करने के पश्चात डेवेलपर अपने हिस्से के क्षेत्र को बंधक रख सकते हैं बशर्ते कि ऐसा ऋण अथवा उधार डेवेलपर इमारत के अपने हिस्से की जमानत पर लेंगे और यह

M. D.
TRIMURTI K.B.RAJ. HOUSING CONSTRUCTION (P) LTD.
GAVTAL, AKHARA ROAD, DANAPUR (PATNA)

परियोजना के उन्नयन और जमीन मालिक के पूर्ण संतुष्टि के अनुसार इमारत के निर्माण में लगाया जायगा।

23. यह कि प्रथम पक्ष उपरोक्त वर्णित जमीन के पूर्ण स्वामी हैं तथा उक्त जमीन के पीछे स्थित जमीनों तक (जिनके मालिक दीगर लोग है) तक पहुँचाने का रास्ता खाने संख्या-4 में वर्णित जमीन को छोड़कर कोई दूसरा नहीं है। अतः भविष्य में खाना संख्या-4 के पीछे की जमीन का अगर विकास होता है तो उक्त जमीन का रास्ता देने या ना देने का पूर्ण निर्णयाधिकार सिर्फ प्रथम पक्ष का होगा और वे खाने संख्या-4 तथा उसमें विकसित संरचना के सामूहिक रास्ते के उस उपभोग को उन शर्तों के अधीन दे सकेंगे जो वे उचित समझे। डेवलपर को इस निर्णय से कोई सरोकार नहीं होगा। डेवलपर या कोई फ्लैट धारक या फ्लैट धारकों का संगठन, प्रथम पक्ष के इस निर्णय का विरोध नहीं करेंगे और विरोध करना संविदा शर्तों का उल्लंघन तथा कानूनन शून्य माना जायेगा।

24. इस उन्नयन मनोबंध की शर्तों के अनुपालन के साथ दोनों पक्षों के बी यह स्पष्ट सहमति हुई है कि डेवेलपर इमारत कम्पलेक्स में निर्मित अपने हिस्से के क्षेत्र का 50 **प्रतिशत** बिक्री योग्य हिस्से को डेवेलपर, उनके नामित के पक्ष में उक्त ढंग से हस्तांतरित करने के लिए डेवेलपर सभी कदम उठायेंगे एवं सम्पूर्ण खर्च डेवलपर वहन करेंगे।

M. D.
TRIMURTI K.B.RAJ. HOUSING CONSTRUCTION (P) LTD.
GAVTAL, AKHARA ROAD, DANAPUR (PATNA)

25. डेवेलपर उक्त जमीन का उन्नयन करेंगे और कम्पनी समस्त कार्य के लिए उत्तरदायी रहेंगे तथा पार्किंग स्था सहित सारा निर्माण खर्च केवल डेवेलपर द्वारा वहन किया जायगा तथा केवल डेवलपर ही सरकार, डी0 एम0 सी0 एवं अन्य अधिकारियों के प्रति इस जमीन के उन्नयन के लिए जबाबदेह होंगे तथा जमीन मालिक को इससे सम्बन्धित सभी कार्यवाही, मांग, दावा, खर्च, नुकसान दण्ड अथवा अन्य कार्य असफलता, बिलम्ब शुल्क या अनुबंध विच्छेद के कारण (नगर परिषद् या अन्य प्राधिकारों द्वारा निर्मित नियमों के अन्तर्गत) हुई क्षति की पूर्ति करेंगे।

26. यह कि जमीन मालिक अपनी सहमति और वचनबद्धता व्यक्ति करते हैं कि वे डेवलपर के पक्ष में इस मनोबंध की शर्तों एवं बंधजो के अनुरूप उक्त जमीन के उन्नयन से सम्बन्धित सभी आवश्यक कार्य करने के लिए विकासक को प्राधिकृत करते है।

27. यह कि इस उन्नयन मनोबंध के तथा इससे सम्बन्धित सभी जेब खर्च, शुल्क, कानूनी खर्च, जिसमें हस्तांतरण का स्टाम्प और निबंधन खर्च शामिल है, डेवेलपर या उनके नामितों द्वारा वहन किया जायगा।

28. यह कि डी0 एम0 सी0 द्वारा इमारत की योजना की स्वीकृत से निर्धारित अवधि समाप्त एवं दिया गया कृपा काल भी समाप्त होने पर डेवलपर जमीन मालिक को हर्जाना देगें अथवा जमीन मालिक को बिक्री योग्य निर्मित क्षेत्र सुपुर्द करने में (चूकि समय सीमा इस

TRIMURTI K.B.RAJ. HOUSING CONSTRUCTION (P) LTD.
CAVTAL, AKHARA ROAD, PANAPUR (PATNA)

मनोबंध का प्रमुख अंग है) असमर्थ रहते हैं तो, वैसे किसी दैवी काररण या नियंत्रण के बाहर प्राकृतिक विपत्ति को छोड़ कर जो इस निर्माण कार्य को प्रभावित करता है, वैसी हालत में पूर्वोक्त निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत इमारत को पूरा न करने के कारण डेवलपर को जमीन मालिक को विलम्ब दण्ड देना होगा , जो 5,000/- पांच हजार रूपया प्रति माह के दर से प्रति फ्लैट का देय होगा।

29. यह कि निर्माण अवधि में भूस्वामी बहुमंजिला इमारत के निर्माण हेतू व्यवहार में लाये गये सामानों की जॉच किसी भी कार्य दिवस में उचित अवधि के अन्दर कर सकते है। इसमें भू-विकासक को किसी प्रकार का कोई आपत्ति नहीं होगा।

30. यह कि यदि भू-विकासक उपरोक्त इमारत के रख रखाव एवं प्रबंध हेतु किसी सहकारी संस्था या प्रबंध समिति का गठन करते हैं तो उसके स्थापना खर्च का व्यय भू-स्वामी को नहीं देना होगा। लेकिन अपने निर्मित क्षेत्र का दखल कब्जा प्राप्त करने के बाद इमारत के प्रबंध समिति द्वारा निर्धारित प्रबंधन खर्च का अनुपातिक भुगतान जमीन मालिक को भी करना होगा।

31. यह कि इमारत में लगने वाली अन्य सुविधायें जैसे लिफ्ट इत्यादि खर्च वो वहन करने की कोई जिम्मेदारी भू-स्वामी की नहीं होगी। इमारत के निर्माण में भू-स्वामी का शुरू से अंत तक एक भी पैसा नहीं लगेगा। सारा खर्च डेवलपर वहन करेंगे।

M. D.
TRIMURTI K.B.RAJ. HOUSING CONSTRUCTION (P) LTD.
GAYTAL, AKHARA ROAD, DANAPUR (PATNA)

32. यह कि इस मनोबंध की शर्तों के अनुसार उक्त जमीन पर प्रस्तावित इमारत में बिक्री योग्य निर्मित क्षेत्र [illegible] अधिकार एवं हित के अतिरिक्त जमीन मालिक को [illegible] अधिकार एवं हित के अतिरिक्त [illegible] निर्मित क्षेत्र यथा सीढ़ी घर, [illegible] पानी की टंकी, जेनेरेटर कमरा खुला [illegible] वाहन पार्किंग स्थान और सभी सामूहिक क्षेत्र पर [illegible] जमीन मालिक को अधिकार होगा।

33. यह कि डेवेलपर डी0 एम0 सी0 के नियम परिनियम और कानूनो का दृढ़ता से पालन करेंगे और सदैव किसी क्षति, दावा, मांग जो नियमों और कानूनों उलंघन से उत्पन्न हो उसे जमीन मालिक को क्षतिपूर्ति करायेंगे।

34. *इमारत की योजना में* डेवेलपर सभी सामान्य (Civil), बिजली, Plumbing and Sanitory कार्यों, जिसमें उपरी टंकी, पानी व्यवस्था, नल सम्प, गुह सेवा आदि सामिल है, वे डी0 एम0 सी0 की स्वीकृत योजना के अनुसार शामिल होगा। इसमें किसी प्रकार की विचलन की पूर्ण जवाबदेही द्वितीय पक्ष की होगी तथा वे हर्जाना देने को बाध्य होंगे।

35. यह कि उक्त इमारत या परिसर में निर्माण के क्रम में किसी प्रकार के दुर्घटना या क्षतिपूर्ति के लिए डेवलपर जमीन मालिक को पूरी तरह सुरक्षित रखेंगे तथा जमीन मालिक किसी भी क्षति के लिए जवाबदेह नहीं होंगे।

M. D.
TRIMURTI K.B.RAJ. HOUSING CONSTRUCTION (P) LTD.
GAVTAL, AKHARA ROAD, DANAPUR (PATNA)

36. यह कि द्वितीय पक्ष प्रस्तावित इमारत डी0 एम0 सी0 द्वारा स्वीकृत हो रहे वास्तशिल्प की विशिष्टियों के अनुसार निर्मित करना तय समय में सुनिश्चित करेंगे । किसी भी प्रकार के विचलन के लिए वे पूर्ण जिम्मेदार होंगे।

37. यह कि भू-स्वामी एवं विकासक के परम निर्मित क्षेत्र के अनुसार निर्मित फ्लैट का आवंटन Alternate Choosing पद्धति पर आधारित होगा एवं डेवलपर निगरानी के लिए **CCTV Camra** लायेंगे

38. यह कि भूस्वामी अपने हिस्से 50% के हिसाब से यदि किसी फ्लैट का अंश ही प्राप्त होगा वैसी स्थिति में भू-स्वामी का हक होगा कि वह उस फ्लैट के बचे हिस्से को विकासकर्ता से निर्माण खर्च पर ही ही खरीद लें और फ्लैट का पूर्ण स्वामित्व प्राप्त कर लें।

39. यह कि अगर भविष्य में F.A.R. बढ़ाने या घटाने या अतिरिक्त तल बनाने की मंजूरी मिलने पर भी दोनों पक्षों का हिस्सा 50-50 प्रतिशत का होगा और इस संबंध को दोनों पक्ष लिखित स्वीकार करेंगे।

40. यह कि जमीन मालिक जमीन के स्वत्व सम्बन्धी दस्तावेज की मूल प्रति अपने पास रखेंगे तथा जरूरत पड़ने पर उसकी छाया प्रति **डेवलपर/खरीदार** को उपलब्ध करायेगे ।

M. D.
TRIMURTI K.B.RAJ. HOUSING CONSTRUCTION (P) LTD.
GAYTAL, AKHARA ROAD, DANAPUR (PATNA)

41. यह कि भविष्य में कानून में परिवर्तन होने पर अतिरिक्त मंजिल के निर्माण की संभावना बनती है तो इसे तय करने का पूर्ण अधिकार भूस्वामी का ही होगा तथा वे द्वितीय पक्ष के हितों का ध्यान रखेंगे। किसी भी परिस्थिति में द्वितीय पक्ष या अन्य आवंटितों को इसका हक नहीं होगा।

42. यह कि उपरोक्त निर्माणाधीन बहुमंजिला इमारत का नाम **शारदा हाईटस रेसिडेंसी (SHARDA HEIGHTS RESIDENCY)** होगा।

M. D.
VISHNURTI K.B.RAJ. HOUSING CONSTRUCTION (P) LTD.
GAVTAL, AKHARA ROAD, DANAPUR (PATNA)

Specification For 2 BHK

Structure	Earthquake Resistant RCC Faramed Structure (with latest Seismic Code)	
Flooring	Drawing/Dining/ Kitchen	Vitrified Tiles
	All other Bedrooms	Vitrified Tles
	Master Bedroom	Laminated Wooden Flooring
	Balconies	Designer Anti-Skid Tiles
	Toilets	Ceramic Tile
Electrical	Internal	Fire Resistant Copper wiring in concealed PVC conduits Modular Switches & Sockets in adequate Numbers.
	External	Adequate lighting in common areas, staricase, lobby, parking space, Garden etc.
Kitchen	Working Counter	Granite Counter with Stainless Steel Sink
	Wall Tile	Designer Ceramic Tiles upto 2 ft. above working counter
Door & Windows	Internal	Designer Flush doors in polish/duco paint fixed in hard wocd
	External	UPVC/ Aluminum Composite Sliding or openable doors & windows
Wall Finish	External Finish	Most Modern and Elegant Permanent Finish with High Quality Texture Paint
	Internal Finish	All internal walls of the room & Drawing Dining will be painted using O.B.D.
	Toilet Internal Finish	Ceramic Tilese in cladding upto ceiling
Railing	Balcony	Mild Steel
	Staricase	Mild Steel
P.O.P. Work	Internal	P.O.P. work of punning will be done in all the rooms including drawing & dining

Amit Khubani 23/08/2016

23/8/2016

M. D.
TRIMURTI K.B.RAJ. HOUSING CONSTRUCTION (P) LTD.
GAYTAL, AKHARA ROAD, DANAPUR (PATNA)

Sanitary Work	For Interanla Piping	Corrosior , free PRA/ UPVC pipes & Fittings All Taps and Fittings of reputed brands in C. P.
	Bath Fittings & Ware	Wash Basins, W/C of reputed brands in appropriate shades matching with ceramic tiles.

Specification For 3 BHK (T)

Flooring	Drawing/Dining/ Kitchen	Vitrified Tiles
	All other Bedrooms	Vitrified Tles
	Master Bedroom	Laminated Wooden Flooring
	Balconies	Designer Anti-Skid Tiles
	Toilets	Ceramic Tile
	Kitchen	Vitrified Tiles
	Servant Room & Toilet	Ceramic Tile
Electrical	Internal	Fire Resistant Copper wiring in concealed PVC conduits Modular Switches & Sockets in adequate Numbers.
	External	Adequate lighting in common areas, staricase, lobby, parking space, Garden etc.
Wood Work		
Kitchen	Working Counter	Granite Counter with Stainless Steel Sink
	Wall Tile	Designer Ceramic Tiles upto 2 ft. above working counter
Door & Windows	Internal	Designer Flush doors in polish/duco paint fixed in hard wood
	External	UPVC/ Aluminum Composite Sliding or openable doors & windows

M. D.
TRIMURTI K.B.RAJ. HOUSING CONSTRUCTION (P) LTD.
GAVTAL, AKHARA ROAD, DANAPUR (PATNA)

Wall Finish	External Finish	Most Modern and Elegant Permanent Finish with High Quality Texture Paint
	Internal Finish	All internal walls of the room & Drawing Dining will be painted using O.B.D.
	Toilet Internal Finish	Ceramic Tilese in cladding upto ceiling
Railing	Balcony	Mild Steel
	Staricase	Mild Steel
P.O.P. Work	Internal	P.O.P. work of punning will be done in all the rooms including drawing & dining
Sanitary Work	For Interna k Piping	Corrosior, free PPR/ UPVC pipes & Fittings All Taps and Fittings of reputed brands in C.P.
	Bath Fittings & Ware	Wash Basins, W/C of reputed brands in appropriate shades matching with ceramic tiles.
Plunge Pool	Finish	Mosaic Tile

Electrical - AC Point / Power point all rooms and power point
- T.V. Point to all rooms

Intercom - Intercom facility to ech flat with common PBX box.

Water - 24 hours water supply conncetion with common over head water tank.

Generator - Silent Generator set of good quality of alternate electrical supply having capicity of electrical supply to water pump, common lighting and 300 watt to each flat.

SHRIMURTI K.B.RAJ. HOUSING CONSTRUCTION (P)
GAYTAL, AKHARA ROAD, DANAPUR (PATNA)

Lift - OTIS , or similar standard with capicity of 8 passangers.

Stair - Floor - Marble.

These standards have to be followed for entire proposed building. Mild alteration may be possible as per artilects plan. Any alternations may be done on payment & additional cost.

यह कि यह **एकरारनामा** दोनों पक्षों ने अपने पूर्ण स्वस्थ्य मानसिक स्थिति में सोच समझकर निम्नलिखित गवाहों के समक्ष लिख दिया कि समय पर काम आवे एवं प्रमाण रहे । समाप्त।

साक्ष्यगण

1. Amit Kumar S/o- Sri Kapur Prasad Gola Road - Danapur Patna - 23.8.16

2. [illegible]

प्रथम पक्ष का हस्ताक्षर

Amit Kumar
23/08/16

23/8/2016

द्वितीय पक्ष का हस्ताक्षर

23/08/16

प्रारूपकर्ता :-

23/8/2016

M. D.
TRIMURTI K.B.RAJ. HOUSING CONSTRUCTION (P) LTD.
GAVTAL, AKHARA ROAD, DANAPUR (PATNA)

Endorsement of Certificate of Admissibility

Stamped (or exempted from or does not require stamp duty) under the Indian Stamp Act I-A, No. '05'. Also admissible under section 26(a) of the B. T. Act.

Indian Stamp Act	Rs. 488120/-	Amt.Paid By N.J Stamp Paper	Rs. 1000/-
Paid under Municipal Act	Rs. 0/-	Amt.paid through Bank Challan	Rs. 507870/-

Registration Fee

20000	C	0	H1b	0	K1a	0	Lii		0
0	D	0	H2	0	K1b	0	Liii		0
0	DD	0	I	0	K1c	0	Mb		0
0	E	0	J1	0	K2	0	Na		0
0	H1a	0	J2	0	Li	0			
							TOTAL-		20000

LLR + Proc Fee		Service Charge
LLR	0	750
Proc.Fee	0	
Total	0	

Total amont paid (Reg. fee+LLR, Proc+Service Charge) in Rs. - 20750

Registering Officer
Danapur

Date: 23/08/2016

Endorsement under section 52

Presented for registration at Registration Office, Danapur on Tuesday, 23rd August 2016 by Amit Kumar Shailendra Kumar Alias Shailendra Kumar Singh by profession Others. Status - Executant

Amit Kumar 23/8/16

Registering Officer
Danapur

Signature/L.T.I. of Presentant **Date:23/08/2016**

Endorsement under section 58

Execution is admitted by those Executants and Identified by the person (Identified by 'Mithlesh Kumar' age '45' Sex 'M', 'Kaiut Prasad', resident of 'Sarvoday Nagar,lane No-04,gola Road,danapur,patna'.), whose Names, Photographs, Fingerprints and Signatures are affixed as such on back page / pages of the instrument.

Registering Officer
Danapur

Date : 23/08/2016

Endorsement of Certificate of Registration under section 60

Registered at Registration Office Danapur in Book 1 Volume No. 216 on pages on 487 -516 , for the year 2016 and stored in CD volume No. CD-34 year 2016 .The document no. is printed on the Front Page of the document.

Registering Officer
Danapur

Date : 23/08/2016

Token No. : 10642 Year : 2016 S.No. : 10168 SCORE Ver.4.0 Deed No . : 9992

8/23/2

M. D.
TRIMURTI K.B.RAJ. HOUSING CONSTRUCTION (P) LTD.
GAYTAL, AKHARA ROAD, DANAPUR (PATNA)